केन्द्रीय सूचना आयोग
बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका
नई दिल्ली - 110067.

******

दिनांक: 23.07.2019

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2019/150

संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2019/00132
CICOM/R/2019/00466

अपीलकर्ता : श्री नरेश कुमार,
एफ - 31, गली नं. 14,
राजापुरी, उत्तम नगर - 110059.

निर्णय की तारीख: 23.07.2019

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 29.05.2019 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 25.06.2019 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री आर. पी. ग्रोवर |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 16.07.2019 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 224/17.07.2019 (14883/18.07.2019) |

1. अपीलकर्ता द्वारा दिनांक 29.05.2019 के आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से द्वितीय अपील सं. CIC/ADDDM/A/2019/116424 से संबंधित सूचनाएं मांगी गई थी । अपीलकर्ता द्वारा प्रथम अपील आवेदन के माध्यम से अनुरोध किया है कि उनकी उक्त लंबित द्वितीय अपील की सुनवाई शीघ्र करें तथा न्याय प्रदान करने की कृपा करे ।

2. संबंधित संचिका (प्रथम अपील आवेदन, आर.टी.आई. आवेदन एवं प्रदान की गई सूचना) का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता के दिनांक 29.05.2019 के उक्त आर.टी.आई. आवेदन के संदर्भ में श्री आर. पी. ग्रोवर, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा सूचित किया गया है कि – "The appeal is pending for hearing in the registry of IC (YS)". उक्त द्वितीय अपील की शीघ्र सुनवाई से संबंधित अपीलकर्ता के अनुरोध के संबंध में उल्लेख किया जाता है कि आयोग में प्राप्त द्वितीय अपीलों की सुनवाई "पहले आओ-पहले पाओ" के आधार पर की जाती है, अर्थात जो अपील पहले प्राप्त हुई है, उसकी सुनवाई पहले की जाएगी । कृपया अपनी बारी की प्रतीक्षा करें । द्वितीय अपील की सुनवाई में प्रथम अपीलीय अधिकारी की कोई भूमिक नहीं होती है ।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली - 110067 में की जा सकती है ।

(आर. के. सिंह)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी
दूरभाष - 011-26162290

प्रतिलिपि :

1. केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
2. श्री आर. पी. ग्रोवर, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।

C. I. C./के० सू० आ०
RECEIVED
23 JUL 2019
D. No.
Initials.